भारत सरकार

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय

भारी उद्योग विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3195

जिसका उत्तर गुरुवार, दिनांक 29 अगस्त, 2013 को दिया जाना है

बी. एच. ई. एल. का विद्युत संयंत्र

3195. श्री एस. एस. रामासुब्बू:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारत हैवी इलैक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बी.एच.ई.एल.) ने हाल में तमिलनाडु में विद्युत संयंत्र पाइपिंग इकाई स्थापित की है;

(ख) यदि हां, तो इसकी अनुमानित लागत और क्षमता का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस नए संयंत्र का लक्ष्य इस क्षेत्र में अधिक रोजगार अवसरों का सृजन एवं आर्थिक विकास करना है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) इस परियोजना के प्रस्तावित भावी विस्तार का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री

(श्री प्रफुल पटेल)

(क): जी हां, भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) ने तमिलनाडु के पुदुकोट्टई जिले में तिरूमयम में विद्युत संयंत्र पाइपिंग इकाई स्थापित की है जिसे प्रधानमंत्री द्वारा 02.08.2013 को राष्ट्र को समर्पित किया गया था।

(ख)से(घ): भेल की विद्युत संयंत्र पाइपिंग इकाई मुख्य रूप से लगभग 300 करोड़ रूपये की स्वीकृत लागत पर प्रति वर्ष 80,000 मीट्रिक टन की क्षमता/सामर्थ्य के विद्युत संयंत्रों और संसाधित उद्योगों के लिए पाइपिंग की आवश्यकता को पूरा करने के लिए स्थापित की गई है। इसके अतिरिक्त, सहायक उद्योगों/सेवाओं सहित लगभग 3000 लोगों के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर और इकाई के आसपास तथा निकटवर्ती इलाकों में आम सुधार जैसे अन्य लाभ भी मिलते हैं।

(ङ): वर्तमान में भेल में ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****